>

Title : Need to complete half-completed bridges on river Rapti in Balrampur and Shravasti districts of Uttar Pradesh.

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय (श्रावस्ती): मेरे निर्वाचन क्षेत्र के जनपद बलरामपुर उत्तर प्रदेश में राप्ती नदी पर अधूरा पड़ा कोड़री घाट एवं जनपद श्रावस्ती में राप्ती नदी पर अर्द्धनिर्मित अंधरपुरवा पुल जो कि पूरे निर्वाचन क्षेत्र के बीचों-बीच राप्ती नदी द्वारा विभाजित किये जाने से स्थानीय जनता के साथ ही साथ पर्यटकों, सुरक्षाबलों तथा क्षेत्रीय विकास के लिए अभिशाप बन गया है। कोडरी घाट पर मात्र तीन ठोकरों का निर्माण तथा एप्रोच रोड का निर्माण कराकर ही चालू किया जा सकता है। जबकि अंधरपुरवा का निर्माण तुंत पूर्ण कराया जाना आवश्यक है।

पर्यटन, संरक्षित वन क्षेत्र एवं अंतर्राÂट्रीय सीमा नेपाल से लगे होने के कारण राप्ती नदी पार का क्षेत्र तीन महीने वÂााऩ ऋतु में मुख्य भूमि से कट जाता है जिसका लाभ उठाकर अराजकतत्व, यहाँ आरामगाह बनाने एवं गैर कानूनी गतिविधियों के संचालन में लिप्त हो जाते हैं।

कृपया दोनों पुलों के निर्माण एवं संचालन का निर्देश सरकार को प्रदान करने का कÂष्ट करें।